लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. *101
दिनांक 03.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

राष्ट्रीय बुनकर आयोग

***101. श्री गिरिधारी यादवः**

क्या **वस्त्र मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय स्तर पर बुनकरों के उत्थान के संबंध में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए बुनकर आयोग का गठन नहीं किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का राष्ट्रीय बुनकर आयोग गठित करने का विचार है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है; और

(ग) उक्त आयोग का गठन कब तक होने की संभावना है?

उत्तर
वस्त्र मंत्री
(श्री गिरिराज सिंह)

(क) से (ग): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

<u>दिनांक 03.12.2024 को उत्तर के लिए नियत लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या *101 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण</u>।

(क) से (ग): राष्ट्रीय बुनकर आयोग के गठन का कोई प्रस्ताव नहीं है।

वस्त्र मंत्रालय, विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय देश भर में निम्नलिखित योजनाओं का कार्यान्वयन कर रहा है:

(i) राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम;

(ii) कच्चा माल आपूर्ति योजना;

उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत पात्र हथकरघा एजेंसियों/बुनकरों को कच्चा माल, उन्नत करघे एवं सहायक उपकरणों की खरीद, सोलर लाइटिंग यूनिट्स, वर्कशेड का निर्माण, कौशल विकास, उत्पाद एवं डिजाइन विकास, तकनीकी एवं सामान्य बुनियादी ढ़ांचा, घरेलू/विदेशी बाजारों में हथकरघा उत्पादों की मार्केटिंग, बुनकर मुद्रा योजना के अंतर्गत रियायती ऋण और सामाजिक सुरक्षा आदि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

वस्त्र मंत्रालय, विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय और इसके क्षेत्रीय कार्यालय, वस्त्र मंत्रालय के अन्य प्रभागों और राज्य हथकरघा विभागों के साथ अच्छे तालमेल से कार्य कर रहे हैं और हथकरघा क्षेत्र के समग्र विकास और हथकरघा बुनकरों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं को कार्यान्वित कर रहे हैं। चूंकि मौजूदा सरकारी तंत्र पहले से ही हथकरघा बुनकरों की सभी समस्याओं का समाधान और आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहा है, इसलिए हथकरघा बुनकरों के लिए एक अलग राष्ट्रीय आयोग की आवश्यकता नहीं है।

****